फार्म स्वीकृत
OMB नियंत्रण संख्या 0920-1303
अवधि समाप्त होने की तारीख: 12/31/2020

# [फार्म] COVID-19 के आगे प्रसार को रोकने के लिए, रोग नियंत्रण और रोकथाम के लिए केंद्रों की बेदखली पर अस्थायी रोक के लिए झूठी गवाही के लिए दंड के तहत घोषणा

यह घोषणा, किरायेदारों, लीज़धारकों, या आवासीय संपत्तियों के निवासियों के लिए है जो COVID-19 के आगे प्रसार को रोकने के लिए CDC के आवासीय बेदखली को अस्थायी रूप से रोकने वाले आदेश (घर के गिर्वीनामे की समय से पहले समाप्ति शामिल नहीं है) के अंतर्गत आते हैं। CDC के आदेश के तहत, आपको इस घोषणा की एक प्रति अपने मकान मालिक, उस आवासीय संपत्ति के मालिक जहां आप रहते हैं, या उस अन्य व्यक्ति को प्रदान करनी होगी जिनके पास आपको आपके रहने की जगह से बेदखल करने या हटाने का अधिकार है। लीज़, किराए के समझौते या रिहाइश के अनुबंध पर सूचीबद्ध प्रत्येक वयस्क को इस घोषणा को पूरा करना होगा। जब तक CDC के आदेश को विस्तारित, परिवर्तित या समाप्त नहीं किया जाता है, तब तक यह आदेश 31 दिसंबर, 2020 तक आपको जहां आप रह रहे हैं उस जगह से बेदखल किए जाने या हटाए जाने से रोकता है । आपको अभी भी किराए का भुगतान करने और अपनी लीज़ की अन्य सभी शर्तों और जहां आप रहते हैं उस स्थान के नियमों का पालन करना होगा। आपको अभी भी किराए का भुगतान नहीं करने या आवास का भुगतान करने के अलावा अन्य कारणों से बेदखल किया जा सकता है। यह घोषणा शपथ पर दिया गया बयान है, जिसका अर्थ है कि यदि आप झूठ बोलते हैं, गुमराह करते हैं या महत्वपूर्ण जानकारी की उपेक्षा करतें हैं तो आप पर मुकदमा चलाया जा सकता है, आपको जेल भेजा जा सकता है, या आप पर जुर्माना किया जा सकता है।

मैं 28 U.S.C. § 1746 के अनुसार, झूठी गवाही के लिए दंड के तहत प्रमाणित करता/करती हूं कि ऊपर कहा गया है वह सत्य और सही है:

- मैंने किराए या आवास के लिए सभी उपलब्ध सरकारी सहायता प्राप्त करने के लिए सर्वोत्तम प्रयासों का उपयोग कर लिया है;[1]
- मैं या तो कैलेंडर वर्ष 2020 के लिए वार्षिक आय में $99,000 से अधिक नहीं (या यदि संयुक्त टैक्स रिटर्न दाखिल करता/करती हूँ तो $198,000 से अधिक नहीं) कमाने की उम्मीद करता/करती हूं, 2019 में मुझे यू.एस. इन्टर्नल रेवेन्यू सर्विस को किसी भी आय की रिपोर्ट करने की आवश्यकता नहीं थी, या मुझे CARES अधिनियम की धारा 2201 के अनुसार आर्थिक प्रभाव भुगतान (प्रोत्साहन चेक) प्राप्त हुआ है;
- मैं पारिवारिक आय में भारी कमी, काम के घंटों या मजदूरी में कमी, नौकरी से निकाले जाने, या असाधारण[2] जेब से किए गए चिकित्सा खर्चों के कारण अपने पूरे किराए का भुगतान या आवास के लिए पूरा भुगतान करने में असमर्थ हूं;
- अन्य गैर विवेकाधीन खर्चों को ध्यान में रखते हुए, मैं समय पर, पूर्ण भुगतान के उतने करीब है जितना व्यक्ति की परिस्थितियां अनुमति दे सकती हैं, आंशिक भुगतान करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयासों का उपयोग कर रहा/रही हूं;

[1]"उपलब्धसरकारीसहायता" काअर्थहैव्यक्तियाघरकेकिसीभीसदस्यकेलिएउपलब्धकोईभीसरकारीकिराएयाआवासकेभुगतानसेसंबधितलाभ।

[2]कोई "असाधारण" चिकित्साखर्चकिसीभीतरहकावापिसनमिलनेवालाऐसाचिकित्साखर्चहै, जिसकेवर्षकेलिएसमायोजितकुलआयके 7.5% सेअधिकहोनेकीसंभावनाहै।

इस सूचना संग्रहण का सार्वजनिक रिपोर्टिंग बोझ प्रति प्रतिक्रिया औसतन 5 मिनट होने का अनुमान है, जिसमें निर्देशों की समीक्षा करने, मौजूदा डेटा स्रोतों की खोज करने, आवश्यक डेटा एकत्र करने और बनाए रखने और जानकारी के संग्रह को पूरा करने और उसकी समीक्षा करने के लिए समय शामिल है। कोई एजेंसी तब तक जानकारी का कोई संग्रहण नहीं कर सकती है या उसे प्रायोजित नहीं कर सकती है, और किसी भी व्यक्ति के लिए उसका जवाब देना आवश्यक नहीं है, जब तक यह वर्तमान में वैध OMB संख्या प्रदर्शित न करती हो। इस बोझ को कम करने के लिए सुझाव सहित, इस बोझ अनुमान या सूचना के इस संग्रहण के किसी अन्य पहलू के बारे में टिप्पणियां इस पते पर भेजें:1CDC/ATSDR Reports Clearance Officer; 1600 Clifton Road NE, MS D- 74, Atlanta, Georgia 30333; Attn: OMB-PRA (0920-1303)

फार्म स्वीकृत
OMB नियंत्रण संख्या 0920-1303
अवधि समाप्त होने की तारीख: 12/31/2020

- अगर मुझे बेदखल किया जाता है तो संभावना है कि मैं बेघर हो जाऊंगा/जाऊंगी, मुझे किसी बेघर आश्रय में जाने की ज़रूरत होगी, या अन्य लोगों द्वारा साझा किए गए नए निवास में जाने की ज़रूरत होगी, जो पास-पास रहते हैं क्योंकि मेरे पास कोई अन्य उपलब्ध आवास विकल्प नहीं है।[3]

- मैं समझता/समझती हूं कि मुझे अभी भी किराए का भुगतान करना होगा या आवास का भुगतान करना होगा, और अन्य दायित्वों का पालन करना होगा जो मेरी किराएदारी, लीज़ के समझौते या इसी तरह के अनुबंध के तहत हो सकते हैं। मैं आगे समझता/समझती हूं कि मेरे किरायेदारी, लीज़ के समझौते, या इसी तरह के अनुबंध के अनुसार ज़रूरी समय पर किराए का भुगतान या आवास का भुगतान नहीं करने के लिए मुझसे अभी भी शुल्क, दंड, या ब्याज वसूला या एकत्र किया जा सकता है।

- मैं आगे समझता/समझती हूं कि 31 दिसंबर, 2020 को बेदखली पर इस अस्थायी रोक के अंत में, मेरा आवास प्रदाता अस्थायी रोक से पहले और इसके दौरान अदा न किए गए सभी भुगतानों के लिए पूर्ण भुगतान की माँग कर सकता/सकती है और भुगतान करने में असफल रहने पर मुझे राज्य और स्थानीय कानूनों के अनुसार बेदखल किया जा सकता है।

मैं समझता हूं कि किसी भी झूठे या भ्रामक बयानों या चूकों के परिणाम-स्वरूप जुर्माना, दंड, हर्जाना, या कारावास के लिए फौजदारी या दीवानी कार्यवाहियां की जा सकती हैं।

________________________________________ ____________________
घोषणा करने वाले के हस्ताक्षर दिनांक

[3]"उपलब्ध आवास" का अर्थ है कोई भी उपलब्ध, खाली आवासीय संपत्ति, या किसी भी मौसमी या अस्थायी आवास में रहने के लिए अन्य स्थान, जो संघीय, राज्य या स्थानीय निवास मानकों का उल्लंघन नहीं करेगा और जिसके परिणाम-स्वरूप आपके लिए आवास की समग्र लागत में वृद्धि नहीं होगी।।

इस सूचना संग्रहण का सार्वजनिक रिपोर्टिंग बोझ प्रति प्रतिक्रिया औसतन 5 मिनट होने का अनुमान है, जिसमें निर्देशों की समीक्षा करने, मौजूदा डेटा स्रोतों की खोज करने, आवश्यक डेटा एकत्र करने और बनाए रखने और जानकारी के संग्रह को पूरा करने और उसकी समीक्षा करने के लिए समय शामिल है। कोई एजेंसी तब तक जानकारी का कोई संग्रहण नहीं कर सकती है या उसे प्रायोजित नहीं कर सकती है, और किसी भी व्यक्ति के लिए उसका जवाब देना आवश्यक नहीं है, जब तक यह वर्तमान में वैध OMB संख्या प्रदर्शित न करती हो। इस बोझ को कम करने के लिए सुझाव सहित, इस बोझ अनुमान या सूचना के इस संग्रहण के किसी अन्य पहलू के बारे में टिप्पणियां इस पते पर भेजें:1CDC/ATSDR Reports Clearance Officer; 1600 Clifton Road NE, MS D- 74, Atlanta, Georgia 30333; Attn: OMB-PRA (0920-1303)